Student/Registration Number | | | | | | | | | | | Centre Number | | | | | | |

## 2014 Public Examination

# Hindi

## Continuers Level

**Tuesday 21 October: 2 pm Australian Eastern Daylight Time**

Reading Time: 10 minutes
Working Time: 2 hours and 30 minutes

- *You have 10 minutes to read all the papers and to familiarise yourself with the requirements of the questions. You must not write during this time.*
- *Monolingual and/or bilingual printed dictionaries may be consulted during the reading time and also during the examination.*

## Section 1: Listening and Responding (30 marks)

**Instructions to Students**

1. Allow approximately 40 minutes for Section 1.
2. Write all your answers to the questions in Section 1 in this booklet in black or blue pen. Space is provided for you to make notes.
3. You must answer ALL questions in Part A and Part B.
4. Answer Part A in ENGLISH and Part B in HINDI.
5. Write your student/registration number and the centre number (if required) on the front cover of this booklet.
6. All question booklets will be collected at the end of the examination.

*© Victorian Curriculum and Assessment Authority 2014*

**Part A** (Questions 1–3)
(15 marks)

---

*When judging performance in this part, the examiner(s) will take into account the extent to which the student demonstrates the capacity to:*

- *understand general and specific aspects of texts by identifying and analysing information and convey the information accurately and appropriately.*

---

You will hear THREE texts. Each text will be played twice. There will be a short break between the first and second playings of each text. You may make notes at any time.

Listen carefully to each text and then answer the questions in ENGLISH.

**Marks** | You may make notes in this space.

**Text 1**

1. (a) Why was a house built? **1**

_______________

_______________

(b) Identify **three** different ways the centre will be used. **3**

_______________

_______________

_______________

_______________

_______________

_______________

(c) Why is the telephone number provided? **1**

_______________

_______________

Marks | You may make notes in this space.

**Text 2**

2. Fill in the spaces below. **4**

| | |
|---|---|
| **The support that Rohit has organised in Australia** | • ______<br>______<br>• ______<br>______ |
| **The support that Rohit will give in India** | • ______<br>______<br>• ______<br>______ |

**Marks** | You may make notes in this space.

**Text 3**

3\. (a) How do we know that Kavya sees her grandmother in a very positive way? In your response, refer to both content and use of language. **3**

(b) What does Dev think about reading as an activity? **1**

(c) How does Kavya convince Dev that his concern about reading books is not accurate? **2**

**Part B** (Questions 4–6)
(15 marks)

---

*When judging performance in this part, the examiner(s) will take into account the extent to which the student demonstrates the capacity to:*

- *understand general and specific aspects of texts by identifying and analysing information;*
- *convey the information accurately and appropriately.*

---

You will hear THREE texts. Each text will be played twice. There will be a short break between the first and second playings of each text. You may make notes at any time.

Listen carefully to each text and then answer the questions in HINDI.

**Marks** | You may make notes in this space.

**Text 4**

4. Explain why this announcement will attract the attention of a variety of listeners. **3**

   यह बताइए कि यह घोषणा अलग-अलग सुनने वालों का ध्यान क्यों आकर्षित करेगी?

Marks | You may make notes in this space.

**Text 5**

5\. (a) What problem did Samar have when he tried to make that recipe on a previous occasion? **1**

जब समर ने पहले उस व्यंजन को बनाने की कोशिश की तो उसे क्या परेशानी हुई?

(b) What **three** suggestions did Samar's mother make? **3**

समर की माँ ने कौन से तीन सुझाव दिए?

(c) What does this conversation reveal about how Samar feels about his mother? In your response, refer to both content and use of language. **4**

इस वार्तालाप से क्या उजागर होता है कि समर माँ के प्रति क्या भावना रखता है? अपने उत्तर में विषय-वस्तु व भाषा के प्रयोग का उल्लेख कीजिए।

Marks | You may make notes in this space.

**Text 6**

6. Identify **two** of Sonam's personality traits and provide examples from the text to support your answer. **4**

सोनम के व्यक्तित्व के **दो** पहलुओं को उजागर करें। अपने उत्तर को प्रमाणित करने के लिए टेक्स्ट से उदाहरण दें।

**End of Section 1**

| Student/Registration Number | | | | | | | | | | | | Centre Number | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

# 2014 Public Examination

# Hindi
## Continuers Level

## Section 2: Reading and Responding (25 marks)

**Instructions to Students**

1. Allow approximately 1 hour and 10 minutes for Section 2.
2. Write all your answers to the questions in Section 2 in this booklet in black or blue pen.
3. You must answer ALL questions in Part A and Part B.
4. Answer Part A in ENGLISH and Part B in HINDI.
5. Write your student/registration number and the centre number (if required) on the front cover of this booklet.
6. All question booklets will be collected at the end of the examination.

© *Victorian Curriculum and Assessment Authority 2014*

**Part A** (Questions 7–8)
(10 marks)

---

*When judging performance in this part, the examiner(s) will take into account the extent to which the student demonstrates the capacity to:*

- *understand general and/or specific aspects of texts, by, for example, comparing, contrasting, summarising, or evaluating, and convey the information accurately and appropriately.*

---

7. Read the text and then answer in ENGLISH the question that follows.

स्वामी विवेकानन्द १९वीं सदी के एक क्राँतिकारी विचारक थे। उन्होंने निर्धनों की सेवा को ही परमात्मा की सेवा बताया और विभिन्न धर्मों के बीच मधुर संबंधों की आवश्यकता पर ज़ोर डालते हुए कहा कि हर धर्म का उद्देश्य पिछड़े वर्ग की दरिद्रता, अज्ञानता व बीमारियों को दूर करना, होना चाहिए।

उनका जन्म १२ जनवरी १८६३ को कोलकत्ता में दत्त परिवार में हुआ, नाम दिया गया नरेंद्रनाथ। तर्कसंगत वकील पिता व धर्मनिष्ठ माता ने उनकी सोच व व्यक्तित्व को प्रभावित किया।

वे एक मेधावी छात्र थे। दर्शनशास्त्र में नरेंद्रनाथ जैसा प्रतिभाशाली छात्र इंग्लैंड व जर्मनी में भी कोई नहीं था। बचपन से ही परमात्मा को खोजने की प्रबल इच्छा थी। १८८१ में संत रामकृष्ण परमहंस के शिष्य बने और २५ वर्ष की आयु में सन्यास ले लिया व विवेकानन्द कहलाए।

१८९३ में शिकागो में विश्व धर्म परिषद में आप भारत के प्रतिनिधि बनकर गए और अपने पूर्वी व पश्चिमी संस्कृति के वृहद् ज्ञान, आध्यात्मिक गहराई और प्रेरणादायक विचारों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

३९ वर्षों के छोटे से जीवनकाल में स्वामी जी ने पश्चिमी देशों को महान भारतीय संस्कृति और भारतीयों को पश्चिमी विज्ञान व तकनीकी, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, सामाजिक समानता व न्याय और महिलाओं को दिए जाने वाले आदर से परिचित कराया। उन्होंने भारतीयों को आत्मनिर्भर बनाने वाली शिक्षा के द्वारा अपना आत्मसम्मान पुनः जागृत करने के लिए प्रेरित किया। समाज सेवा के लिए रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।

स्वामी जी का जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

QUESTION

**Marks**

As a young man, how was Swami Vivekananda’s thinking formed? **3**

8. Read the text and then answer in ENGLISH the question that follows.

बनारस भारत का एक प्रसिद्ध प्राचीन शहर है जो उत्तर प्रदेश में गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह 'वाराणसी' व 'काशी' के नाम से भी जाना जाता है। बनारस हिन्दू धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में से एक है। हिन्दुओं का मानना है कि गंगा में नहाने से पाप कटते हैं एवं यहाँ प्राण त्यागने से मोक्ष प्राप्त होता है।

बनारस बौद्ध और जैन धर्मानुयायियों का भी एक बड़ा तीर्थ स्थान है। महात्मा बुद्ध ने अपना प्रथम प्रवचन वाराणसी के निकट सारनाथ में दिया था और बहुत से जैन मन्दिरों के कारण यह जैन धर्मावलंबियों के लिए भी विशेष महत्व रखता है।

यह शहर सहस्त्रों वर्षों से उत्तर भारत का सांस्कृतिक तथा धार्मिक केन्द्र रहा है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का 'बनारस घराना' वाराणसी में ही जन्मा एवं विकसित हुआ है। भारत के कई दार्शनिक, कवि, लेखक व संगीतज्ञों का संबंध वाराणसी से रहा है। स्वामी तुलसीदास ने पवित्र ग्रंथ 'रामचरितमानस' इसी शहर में लिखी।

वाराणसी भारत का एक महत्वपूर्ण शिक्षा केन्द्र भी रहा है। यहाँ का बनारस विश्वविद्यालय, एशिया के सबसे बड़े आवासीय विश्वविद्यालयों में से एक है, जिसमें २०,००० से अधिक विद्यार्थी हैं। बनारस, संस्कृत भाषा के अध्ययन, संगीत, विश्वप्रसिद्ध ज़री वाली रेशमी बनारसी साड़ियों, हाथ से बुने कालीनों, दरियों, काँसे व पीतल के सामान का भी मुख्य केंद्र है।

संध्या के समय गंगा घाट पर होने वाली आरती, मंजीरों, घंटियों, मृदंगों की मधुर ध्वनि व गंगा जी में तैरते सैकड़ों दीयों का अद्‌भुत दृश्य लोगों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

QUESTION

**Marks**

Compare Text 7 and Text 8, and explain how Swami Vivekananda and the city of Varanasi have contributed to a broader vision of life. **7**

**Part B** (Question 9)
(15 marks)

---

*When judging performance in this part, the examiner(s) will take into account the extent to which the student demonstrates the capacity to:*

- *understand general and specific aspects of a text by identifying, analysing, and responding to information;*
- *convey information coherently (structure, sequence, accuracy and variety of vocabulary and sentence structure) and appropriately (relevance, use of conventions of the text type).*

---

9. Read the text and then answer the question in approximately 150 words in HINDI on page 7.

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र 'हिन्दी-सुमन' को दिए साक्षात्कार में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रोफ़ेसर पी· के· साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि ऑस्ट्रेलिया में कला, संगीत और संस्कृति को आवश्यकता से अधिक महत्व दिया जाता है। इन सब पर यहाँ की सरकार कुछ अधिक ही खर्च करती है, जबकि आम आदमी के जीवन में इनकी उपयोगिता केवल मनोरंजन के स्तर तक ही सीमित है। उनके अनुसार सरकार को जनता की मेहनत की कमाई पर लिए गए कर और अन्य शुल्कों का उपयोग जनता की बुनियादी आवश्यकताओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार पर खर्च करना चाहिए। आज अस्पतालों में चिकित्सकों का अभाव है। अच्छे विद्यालयों में भर्ती के लिए महीनों पहले आवेदन करना होता है और गिरती अर्थव्यवस्था के कारण लोगों को रोज़गार मिलना कठिन हो गया है। ऐसे में सरकार द्वारा कला, संगीत और संस्कृति पर किया जाने वाला अनावश्यक खर्च कहाँ तक उचित है?

QUESTION

You have just read the article above, which was published in yesterday's newspaper. Write a formal letter to the editor of the newspaper, to persuade readers that Professor Sahu's views are not valid.

कल के समाचार-पत्र में छपे ऊपर लिखे लेख को आपने अभी पढ़ा। इस समाचार पत्र के संपादक को औपचारिक पत्र लिखकर पाठकों को यह विश्वास दिलाएँ कि प्रोफ़ेसर पी· के· साहू का दृष्टिकोण सही नहीं है।

---

You may make notes in this space.

*Do not remove this page from the question booklet.*

| Student/Registration Number | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| Centre Number | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|

Hindi
Continuers Level

Question 9

**End of Section 2**

Student/Registration Number | | | | | | | | | | | Centre Number | | | | | | |

**2014 PUBLIC EXAMINATION**

# Hindi
## Continuers Level

## Section 3: Writing in Hindi (20 marks)

**Instructions to Students**

1. Allow approximately 40 minutes for Section 3.
2. Write your answer to a question from Section 3 in this booklet in black or blue pen. Space is provided for you to make notes.
3. You must answer ONE question in HINDI.
4. Write your student/registration number and the centre number (if required) on the front cover of this booklet.
5. All question booklets will be collected at the end of the examination.

© *Victorian Curriculum and Assessment Authority 2014*

**Section 3** (Questions 10–13)
(20 marks)

---

*When judging performance in this section, the examiner(s) will take into account the extent to which the student demonstrates:*

- *relevance and depth of treatment of ideas, information, or opinions;*
- *accuracy and range of vocabulary and sentence structures;*
- *the capacity to structure and sequence response and capacity to use conventions of the text type.*

---

Answer ONE question from this section in approximately 250 words in HINDI.

10. Amit fell asleep on the train. He dreamt that he was living in a world without the internet, television and mobile phones. Write an imaginative story about Amit's new world.

    अमित को ट्रेन में नींद आ गई। उसने सपने में देखा कि वह ऐसी दुनिया में रह रहा था, जहाँ इंटरनेट, टेलिविज़न और मोबाइल फोन नहीं थे। अमित के नए संसार के विषय में एक कल्पनात्मक कहानी लिखें।

11. Your principal wants to ensure that all programs offered by the school have a very strong educational focus. Write a report from an educational point of view for your principal, evaluating a recent camp organised by the school or a student exchange program.

    आपके प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि विद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले सभी कार्यक्रम शैक्षणिक रुप से प्रभावशाली होने चाहिए। शिक्षा के दृष्टिकोण से विद्यालय द्वारा आयोजित हाल ही के एक शिविर या विद्यार्थी आदान-प्रदान कार्यक्रम का मूल्यांकन करते हुए अपने प्रधानाध्यापक के लिए एक रिपोर्ट लिखें।

12. Write an informative article for your local newspaper about **two** important festivals that have been held in your city at different times of the year. Your article will be entitled, 'Festivals bring people closer together'.

    "त्योहार लोगों को एक दूसरे के निकट लाते हैं", इस शीर्षक के अंतर्गत अपने शहर में अलग-अलग समय पर आयोजित किए गए दो महत्वपूर्ण त्योहारों के विषय में अपने स्थानीय समाचारपत्र के लिए एक सूचनात्मक लेख लिखें।

13. You have spent a whole year studying in a new country, far away from your family and friends. Write **one** diary entry reflecting on your experiences.

    आपने एक पूरा वर्ष शिक्षा के लिए अपने परिवार और मित्रों से दूर एक नए देश में व्यतीत किया है। अपने इस नए देश के अनुभवों को प्रतिबिंबित करते हुए अपनी डायरी में एक विचारात्मक एन्ट्री करें।

You may make notes in this space.

Question Number:

**End of Section 3**